# ORDER SHEET (Subservient) आदेश पत्र (पश्चात्वर्ती)

CNR NUMBER
सी.एन.आर संख्या

Number of Case प्रकरण की संख्या ............ Year वर्ष ............

............ Versus बनाम ............

| Date दिनांक | Order with Initials of Presiding Officer पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर से आदेश |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 30/9/2022 | पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट वकील उपस्थित। वास्ते इन्तजार देखने पावती दिनांक 18/10/2022 को पेश हो। <br> सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी |
| 18/10/2022 | पत्रावली पेश हुई। आज पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त / अवकाश पर होने से पत्रावली इल्तवा होकर दिनांक 11.11.2022 को पेश हो। |
| 11.11.2022 | पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलान्ट उपस्थित। रेस्पोडेन्ट्स संख्या 1 से 7 को नोटिस जरिये रजि. AD भेजे हुए। माह से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन आज दिनांक तक रेस्पोडेन्ट्स की ओर से न तो स्वयं व न ही वकील उपस्थित। न्यायालय हाजा द्वारा बार-बार आवाजे लगायी गयी उनकी ओर से कोई उपस्थित नहीं। लिहाजा रेस्पोडेन्ट्स संख्या 1 से 7 के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाती है। वकील अपीलान्ट ने बहस हेतु निवेदन किया। वकील अपीलान्ट की एक पक्षीय बहस सुनी गई <br> सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी |

# ORDER SHEET (Subservient) आदेश पत्र (पश्चात्वर्ती)

CNR NUMBER
सी.एन.आर संख्या

No. of Case प्रकरण की संख्या .................................................. Year वर्ष ..................................................

.................................................. Versus बनाम ..................................................

| Order with Initials of Presiding Officer<br>पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर से आदेश | Brief Note of Compliance of the order<br>आदेश की पालना का संक्षेप टिप्पण |
|---|---|
| 2 | 3 |
| दौराने बहस वकील अपीलान्ट ने निवेदन किया कि राजस्व ग्राम सोयला तहसील बावड़ी में खसरा संख्या 1510/ मिन रकबा 15 बीघा किस्म बारानी द्वितीय आयी हुई है जो अपीलान्ट की खरीदशुदा है जिसमें अपीलान्ट से पूर्व खातेदार तुलछाराम पुत्र गनाराम के नाम से दर्ज थी। जिनकी मृत्यु हो जाने पर विरासत का नामान्तरण संख्या 2321 दिनांक 20.03.2017 को स्वीकृत किया गया। उक्त नामान्तरण से खातेदार पुखराज, नरेश, अणदाराम, राकेश पिता तुलछाराम, व सुआ पत्नि तुलछाराम दर्ज हुआ उसके पश्चात उक्त खातेदारों ने अपनी कृषि भूमि को अपीलान्ट को जरिये बेचान रजिस्ट्री दिनांक 24.03.2017 को अपीलान्ट को बेचान कर दी। लेकिन ग्राम पंचायत सोयला द्वारा पूर्व में भरे गये नामान्तरण संख्या 2321 के सम्बन्ध में एक बार नियमानुसार नामान्तरण स्वीकृत करने के पश्चात पुनः उसी नामान्तरण को गैर कानूनी रूप से अस्वीकृत कर दिया। | |

(signature)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी

...प्रेस, ...एमजीएच रोड, जोधपुर 2623675, 2615421

CNR NUMBER
सी.एन.आर संख्या

Number of Case प्रकरण की संख्या ............ Year वर्ष ............

............ Versus बनाम ............

| Date दिनांक | Order with Initials of Presiding Officer पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर से आदेश |
|---|---|
| 1 | 2 |
| | जो गैर कानूनी होने से पश्चात्वर्ती कार्यवाही करते हुए दिनांक 7.4.2017 को पूर्व में स्वीकृत हुए नामान्तरण दिनांक 20.03.2017 को खारिज कर दिया जो विधि विरुद्ध तरीके से खारिज किया गया अतः ग्राम पंचायत सोपला द्वारा गैर कानूनी रूप से की गई पश्चात्वृत्ति नामान्तरण कार्यवाही दिनांक 7.4.2017 को खारिज किया जाकर पूर्ववर्ती नामान्तरण की कार्यवाही दिनांक 20.3.2017 को बहाल रखी जावें। बहस पर मनन एवं पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत सोपला द्वारा नामान्तरण संख्या 2321 दिनांक 20.3.2017 को नियमानुसार स्वीकृत कर निर्णय पारित कर दिया गया था। लेकिन फिर भी ग्राम पंचायत सोपला ने इसी नामान्तरण सं 2321 दिनांक 7.4.2017 को खारिज कर दिया जो विधि विरुद्ध है क्योंकि यदि उक्त नामान्तरण कार्यवाही के सम्बन्ध में यदि कोई स्वीकृत या अस्वीकृत के सम्बन्ध में अनुतोष प्राप्त करना होता तो |

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी

# FORM NO. 123 पंजिका संख्या 123

(Order 24 Rule 7, Order 32 Rule 3) (आदेश 24 नियम 7, आदेश 32 नियम 3)

## ORDER SHEET आदेश पत्र

CNR NUMBER सी.एन.आर संख्या ..........

के न्यायालय में न्यायालय सहायक at पर कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बावड़ी

Case प्रकरण का प्रकार 75 RLR ACT

of Case प्रकरण की संख्या 101/2022 Year वर्ष ..........

गीता Versus बनाम पुखराज

| Order with Initials of Presiding Officer<br>पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर से आदेश | Brief Note of Compliance of the order<br>आदेश की पालना का संक्षेप टिप्पण |
|---|---|
| 2 | 3 |
| उक्त कार्यवाही की आगे की कार्यवाही अपीलान्ट कोर्ट में ही निष्पादित की जा सकती थी। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं अपने द्वारा पारित निर्णय को ही पुन: निर्णित कर दिया, जो विधि विरुद्ध होने से खारिज होने योग्य है।<br><br>आदेश<br><br>अत: वकील अपीलान्ट की ओर से प्रस्तुत नामान्तरण की प्रथम अपील स्वीकार कि जाकर आदेश पारित किया जाता है कि ग्राम सोपला के खसरा संख्या 1510/मिन रकबा 15 बीघा किस्म बारानी द्वितीय के संबंध में ग्राम पंचायत सोपला द्वारा नामान्तरण संख्या 232 के संबंध में दिनांक 07.04.2017 को नामान्तरण अस्वीकृत की कार्यवाही को अपास्त कर खारिज किया जाता है। एवं नामान्तरण संख्या 232 पूर्ववर्ती कार्यवाही दिनांक 20.3.2017 को<br><br>सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी | |

51, एमजीएच रोड, जोधपुर 2623675, 2615421

**ORDER SHEET (Subservient) आदेश पत्र (पश्चात्वर्ती)**

CNR NUMBER
सी.एन.आर संख्या

Year वर्ष

Number of Case प्रकरण की संख्या ..........

Versus बनाम ..........

| Date दिनांक | Order with Initials of Presiding Officer पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर से आदेश |
|---|---|
| 1 | 2 |
| | पारित कार्यवाही सही होने से बहाल रखी जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 11.11.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। |
| | सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी |